News Date	11-01-2018
Publication	Dainik Bhaskar
Media Type	Newspaper
Publication Type	Regional Daily Newspaper
Page No.	05
Language	Hindi
Edition	Meerut

पीएनबी ने शुरू की किफायती बीमा योजना

मेरठ। पीएनबी मेटलाइफ ने 'पीएनबी मेटलाइफ इन्कम प्रोटेक्शन प्लान' के शुभारंभ की घोषणा की है। यह एक सरल उत्पाद है, जिसमें कमाने वाले की असमय मृत्यु होने पर इन्कम रिप्लेसमेंट के जरिए सुरक्षा और गारंटीकृत बचत दोनों फायदे मिलते हैं। नया पीएनबी मेटलाइफ इन्कम प्रोटेक्शन प्लान बाजार में अपनी तरह का एक ऐसा अनूठा उत्पाद है, जो पॉलिसीधारक की असामयिक मौत के मामले में परिवार के सदस्यों के खर्चों को पूरा करने के लिए मासिक आय प्रदान करता है और कुल प्रीमियम भुगतान के 100 प्रतिशत से 150 प्रतिशत तक के गारंटीकृत परिपक्वता लाभ के जरिए एक कॉर्पस बनाने में भी सक्षम बनाता है। इस प्लान की लॉचिंग के अवसर पर पीएनबी मेटलाइफ इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के हेड-प्रोडक्ट्स खालिद अहमद ने कहा कि पीएनबी मेटलाइफ ने हमेशा समेकित विकास में विश्वास किया है और ग्राहकों को सर्वोत्तम समाधान से जोड़ने के लिए सरल तरीके से प्रयास किया है। सर्व यूपी ग्रामीण बैंक के अध्यक्ष अनिलकुमार शर्मा ने कहा कि सामाजिक-आर्थिक लिहाज से मध्यम और निम्नवर्ग में आने वाले अनेक परिवारों की पहुंच बीमा तक नहीं है।